भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3101

जिसका उत्तर 18.12.2025 को दिया जाना है

तमिलनाडु में राष्ट्रीय राजमार्गों का चौड़ीकरण

3101. श्री सी. एन. अन्नादुरई:

श्री नवसकनी के.:

श्री जी. सेल्वम:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क्या सरकार ने तमिलनाडु में महत्वपूर्ण मार्गों को समय पर चार लेन का बनाने को सुनिश्चित करने के लिए भारतमाला परियोजना और अन्य राष्ट्रीय राजमार्ग विकास योजनाओं के अंतर्गत प्रगति की समीक्षा की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

जी, हां। तमिलनाडु में भारतमाला परियोजना और अन्य राष्ट्रीय राजमार्ग विकास योजनाओं के अंतर्गत परियोजनाओं की प्रगति की नियमित रूप से समीक्षा की जाती है ताकि महत्वपूर्ण मार्गों का चार लेन के निर्माण सहित उनका समय पर पूरा होना सुनिश्चित हो सके। भूमि अधिग्रहण, उपयोगिता स्थानांतरण, वैधानिक स्वीकृतियों और परियोजनाओं के समय पर पूरा होने में आने वाली अन्य बाधाओं से संबंधित मुद्दों को हल करने के लिए राज्य सरकार सहित सभी हितधारकों के साथ आवधिक समीक्षा के माध्यम से परियोजनाओं की निगरानी की जाती है।

*****